संपादकीय

# दुर्दशा का तथ्य नकारना व्यर्थ

देहाती इलाकों में कर्ज के बोझ तले दबे परिवारों की संख्या में साढ़े चार प्रतिशत इजाफा हुआ है। 2016-17 के सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की संख्या 47.40 प्रतिशत थी, जो ताजा सर्वे के समय 52 फीसदी हो चुकी थी।

एक और सरकारी संस्था की रिपोर्ट ने श्रमिक वर्ग की बढ़ती रही दुर्दशा पर रोशनी डाली है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक (नाबार्ड) के अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वे (एनएएफआईएस) 2021-22 के दौरान पाया गया देहाती इलाकों में कर्ज के बोझ तले दबे परिवारों की संख्या में साढ़े चार प्रतिशत इजाफा हुआ है।

2016-17 के सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की संख्या 47.40 प्रतिशत थी, जो ताजा सर्वे के समय 52 फीसदी हो चुकी थी। कहा जा सकता है कि अब ज्यादा लोग लाइफ स्टाइल बढ़ाने के लिए कर्ज ले रहे हैं। मगर आय की स्थिति पर गौर करें, तो ऐसे तर्क निराधार मालूम पड़ेंगे।

ताजा सर्वे में ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय 12,698 रु. सामने आई। इसमें पांच साल में डेढ़ गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई। तब औसत आमदनी 8,059 रु. थी।

राष्ट्रीय परिवार 4.4 व्यक्तियों का है। तो हर व्यक्ति पर आय 2,886 रु. बैठती है। यानी प्रति दिन एक व्यक्ति की खर्च क्षमता 96 रुपये होगी।

यह औसत आय है, जिसमें ग्रामीण इलाकों के सबसे धनी और गरीब दोनों तबकों की आमदनी शामिल है।

2013-14 में रंगराजन समिति ने भारत की गरीबी रेखा 32 रु. प्रति दिन खर्च क्षमता रखने का सुझाव दिया था। दस साल की मुद्रास्फीति से उसे एडजस्ट करें, तो ये रकम आज तकरीबन 60 रुपये बैठेगी।

इस पैमाने पर पर अनुमान लगाएं, तो संभव है कि भारत में आधे से ज्यादा लोग गरीबी रेखा के नीचे आएंगे। वैसे, जिन परिवारों की औसत आय 12 हजार रुपये हो, वे लाइफ स्टाइल संबंधी चीजों की खरीद के लिए कर्ज लें, यह मानने का कोई तुक वैसे भी नहीं है। तो जाहिर है, शिक्षा, स्वास्थ्य और शादी-विवाह आदि जैसे खर्चों के लिए कर्ज लेने वाले परिवार बढ़े हैं।

इसके पहले लेबर ब्यूरो की पारिश्रमिक दर सूचकांक रिपोर्ट, कृषि मंत्रालय के जारी हुए आंकड़ों, तथा पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट आदि में बताया जा चुका है कि श्रमिक वर्ग की वास्तविक आय गिरी है और औसत आय में वृद्धि गतिरुद्ध हो गई है।

उपभोग और मांग गिरने की बातें सामने आ चुकी हैं। ऐसे में दुर्दशा का तथ्य नकारना व्यर्थ है।

# जुलाई-सितंबर अवधि में भारत के शहरी क्षेत्रों में बढ़ा रोजगार



नई दिल्ली

भारत के शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) जुलाई-सितंबर 2024 में बढक़र 50.4 प्रतिशत हो गई है, जो कि जुलाई-सितंबर 2023 में 49.3 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए डेटा में दी गई।

बढ़ती हुई श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) दिखाती है कि देश में रोजगार बढ़ रहा है।

लिंग आधार पर देखें तो शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए एलएफपीआर जुलाई-सितंबर 2023 के दौरान 73.8 प्रतिशत से बढक़र जुलाई-सितंबर 2024 के दौरान 75.0 प्रतिशत हो गया।

वहीं, शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक की महिलाओं में एलएफपीआर जुलाई-सितंबर 2024 में बढक़र 25.5 प्रतिशत हो गया है, जो कि जुलाई-सितंबर 2023 में 24 प्रतिशत था।

श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), जिसे शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच जनसंख्या में नियुक्त व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है, जुलाई-सितंबर 2023 के दौरान 46.0 प्रतिशत से बढक़र जुलाई-सितंबर 2024 में 47.2 प्रतिशत हो गया है, जो रोजगार में वृद्धि का एक और संकेत है।

शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए डब्ल्यूपीआर जुलाई-सितंबर 2023 में 69.4 प्रतिशत से बढक़र जुलाई-सितंबर 2024 के दौरान 70.7 प्रतिशत हो गया है।

शहरों क्षेत्रों में 15 वर्ष या उससे अधिक के आयु के लोगों में बेरोजगारी दर जुलाई-सितंबर 2024 अवधि में गिरकर 6.4 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 6.6 प्रतिशत थी, जो दिखाता है कि देश में बेरोजगारी दर में कमी आई है।

बेरोजगारी दर को श्रम बल में शामिल व्यक्तियों में बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है। लिंग के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में बेरोजगारी दर जुलाई-सितंबर 2023 के दौरान 6.0 प्रतिशत से घटकर जुलाई-सितंबर 2024 में 5.7 प्रतिशत हो गई।

डेटा के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में बेरोजगारी दर जुलाई-सितंबर 2023 में 8.6 प्रतिशत से घटकर जुलाई-सितंबर 2024 में 8.4 प्रतिशत हो गई।

# भारत से रत्न और आभूषणों का निर्यात अक्टूबर में 9 प्रतिशत से अधिक बढ़ा

नई दिल्ली

भारत से अक्टूबर में रत्न और आभूषणों का कुल सकल निर्यात 25,194 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सालाना आधार पर 9.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह पिछले साल समान अवधि में 22,857.16 करोड़ रुपये था। यह जानकारी जेम्स और ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) द्वारा सोमवार को दी गई। अक्टूबर में रत्न एवं आभूषणों का कुल आयात 12,489.33 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 14,496.03 करोड़ रुपये की तुलना में 14.65 प्रतिशत कम है।

कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा, लंबे समय तक सुस्ती के बाद कुल रत्न और आभूषण निर्यात में वृद्धि उद्योग के लिए बड़ी राहत है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव अभी भी भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि संघर्षरत देशों के बीच समझौता हो जाएगा और सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। इसके अलावा अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में चुनाव पहले ही संपन्न हो चुके हैं, इसलिए मजबूत खरीदारी संटीमेंट से मांग में कुछ तेजी आने की उम्मीद है, जिसे हॉलिडे सीजन से समर्थन मिलेगा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारतीय आभूषण व्यापारी और निर्माता सावधानी से कदम उठा रहे हैं और मौजूदा स्टॉक को खाली करने के लिए अधिक इच्छुक हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, आगामी वेडिंग सीजन के साथ-साथ पश्चिम में छुट्टियों का मौसम भी मांग को बढ़ाएगा और इस कारण से हमें लगता है कि आयात और निर्यात दोनों में वृद्धि होगी।

अक्टूबर में सोने के आभूषणों का कुल सकल निर्यात 9,449.37 करोड़ रुपये का था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 8,603.33 करोड़ रुपये की तुलना में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वहीं, अक्टूबर में कच्चे हीरों का सकल आयात 53,733.31 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के आयात 70,061.18 करोड़ रुपये की तुलना में 24.3 प्रतिशत कम है।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली।** स्टार आलराउंडर हार्दिक पंड्या अपने भाई क्रुणाल पांड्या की अगुवाई में सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में बड़ौदा के लिए खेलते नज़र आएंगे, जो कि 23 नवंबर से शुरू हो रहा है।

पिछले साल क्रुणाल की अगुवाई में ही बड़ौदा की टीम सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी टूर्नामेंट के फ़ाइनल तक पहुंची थी, जहां उन्हें मोहाली में पंजाब से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक ने पिछली बार बड़ौदा के लिए 2018-19 में मुंबई के खिलाफ़ एक रणजी ट्रॉफ़ी मैच खेला था, वहीं सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में वह आखिरी बार जनवरी 2016 में खेले थे। तब हार्दिक का अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू नहीं हुआ था।

पिछले महीने ही हार्दिक को मुंबई इंडियंस द्वारा रिटेन किया गया था और वह टीम के कप्तान भी बने रहेंगे। वहीं क्रुणाल को लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिलीज़ कर दिया था और वह आईपीएल नीलामी का हिस्सा होंगे।

बड़ौदा की टीम फ़िलहाल शानदार फ़ॉर्म में है और रणजी ट्रॉफ़ी के पहले चरण में 27 अंकों के साथ वे अपने ग्रुप में शीर्ष पर हैं। सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में बड़ौदा का पहला मैच 23 नवंबर को गुजरात के खिलाफ़ है।

## वॉट्सऐप डेटा शेयरिंग मामले में मेटा सीसीआई के एंटी-ट्रस्ट आदेश के खिलाफ करेगा अपील

नई दिल्ली




चैटिंग ऐप वॉट्सऐप को हाल ही में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की ओर से प्लेटफार्म पर मौजूद यूजर डेटा को दूसरे मेटा प्रोडक्ट या कंपनियों को विज्ञापन उद्देश्यों के लिए 5 साल तक शेयर न करने के निर्देश मिले थे। इसी कड़ी में अब वॉट्सऐप की पैरेंट कंपनी मेटा का कहना है कि वह सीसीआई के फैसले से असहमत है और अपील करने की योजना बना रही है।

प्रतिस्पर्धा नियामक ने वॉट्सऐप की 2021 प्राइवेसी पॉलिसी अपडेट से जुड़े अपने एक एंटीट्रस्ट ऑर्डर में मेटा पर उसकी डोमिनेंट पॉजिशन का गलत इस्तेमाल करने के लिए 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

सीसीआई के आदेश के अनुसार, वॉट्सऐप द्वारा इसे लें या छोड़ दें के आधार पर 2021 पॉलिसी अपडेट अधिनियम के तहत अनुचित शर्तों को लागू करना है, क्योंकि यह सभी यूजर्स को बिना किसी ऑप्ट-आउट के मेटा ग्रुप के भीतर विस्तारित डेटा कलेक्शन टर्म्स और डेटा शेयर करने को स्वीकार करने के लिए बाध्य करता है।

2021 के वॉट्सऐप अपडेट ने लोगों के पर्सनल मैसेज प्राइवेसी में कोई बदलाव नहीं किया और उस समय यूजर्स के लिए इसे एक विकल्प के रूप में पेश किया गया था। हमने यह भी सुनिश्चित किया कि इस अपडेट के कारण किसी का भी अकाउंट डिलीट न हो और वॉट्सऐप सर्विस को लेकर किसी तरह की परेशानी न आए। अपडेट का उद्देश्य वॉट्सऐप पर वैकल्पिक व्यावसायिक सुविधाएं शुरू करना था और इस बारे में और पारदर्शिता प्रदान करना था कि हम डेटा कैसे इक_ा करते हैं और उसका उपयोग कैसे करते हैं।

कंपनी ने आगे कहा कि वॉट्सऐप मेटा द्वारा समर्थित सेवाएं प्रदान करता है। मेटा के प्रवक्ता ने कहा, हम आगे का रास्ता खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमें लोगों और व्यवसायों को वह अनुभव प्रदान करना जारी रखने की अनुमति देता है जिसकी वे हमसे अपेक्षा करते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया-भारत की प्रतिद्वंद्विता ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड से बहुत पीछे नहीं :पोंटिंग

0-बीजीटी 2024-25

पर्थ



पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच प्रतिद्वंद्विता की तुलना एशेज से की है, उन्होंने कहा कि ये दो सीरीज विश्व क्रिकेट की वो लड़ाई है जिसे देखने के लिए हर कोई उत्सुक रहता है।

एशेज 142 साल से चली आ रही है, जिसके तहत 345 टेस्ट मैच खेले गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 142 मैच जीते हैं, जबकि इंग्लैंड ने 110 मैच जीते हैं। दूसरी ओर, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 1996/97 में शुरू हुई थी, जिसमें भारत ने 24 मैच जीते थे और ऑस्ट्रेलिया 20 मौकों पर विजयी हुआ था।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड, एशेज के इतिहास के साथ, लेकिन ऑस्ट्रेलिया-भारत उससे बहुत पीछे नहीं है और यह लंबे समय से बना हुआ है। मुझे लगता है कि हम सभी इस तरह की लड़ाइयों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। एक पूर्व खिलाड़ी और एक कमेंटेटर के तौर पर मैं चाहता हूं कि ये दोनों टीमें मैदान पर उतरें और कड़ी मेहनत और निष्पक्षता से खेलें और फिर देखें कि अगले पांच मैचों के बाद कौन टिक पाता है।

भारत ने 2016/17 से पिछले चार मौकों पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती है - दोनों घरेलू और विदेशी परिस्थितियों में। अपने-अपने देशों के पहले दो बल्लेबाजों - एलन बॉर्डर और सुनील गावस्कर के नाम पर बनी यह ट्रॉफी 22 नवंबर को पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले टेस्ट मैच में फिर से जीतने के लिए उपलब्ध होगी।

उन्हें उम्मीद है कि आगामी सीरीज में, जिसके बाद एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में मैच खेले जाएंगे, रोमांचक और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखने को मिलेगा। मुझे नहीं पता कि मसाला सही शब्द है या नहीं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि खेल लगभग रोमांचक होगा, अगर आप चाहें तो, जिसमें दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें एक-दूसरे को एक इंच भी जगह नहीं देना चाहेंगी।

# विराट कोहली अपने खेलने के तरीके को लेकर जुनूनी हैं : रिकी पोंटिंग

पर्थ



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले, रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कोहली एक महान क्रिकेटर हैं और खेल के प्रति बेहद भावुक हैं। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया में भी उन्हें बहुत सम्मान मिलता है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा, कोहली एक स्टार हैं, एक सुपरस्टार हैं। वह काफी समय से खेल के सुपरस्टार रहे हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति बहुत भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भी बहुत भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और दिल से खेलते हैं। ऐसे ही सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में उत्साह पैदा करते हैं। स्टीव स्मिथ जब इंग्लैंड जाते हैं तो उन्हें स्टेडियम में आते ही लोग सीटी बजाते हैं। ये सब अंतर्राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा है।

हालांकि, इस साल कोहली का टेस्ट मैचों में औसत सिर्फ 22.72 रहा है, जो उनके ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट औसत 54.08 और करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में कई शानदार शतक लगाने के बाद, उम्मीद है कि वह आगामी 5 मैचों की सीरीज में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

पोंटिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार संभालेंगे। उन्होंने कहा, मैंने देखा था कि रवि शास्त्री ने पिछली बार एक ऐसे इंसान के बारे में बात की थी जो ऑस्ट्रेलिया में सभी गेंदों का सामना करना चाहता था। यही आप अपने लीडर और स्टार खिलाड़ियों से उम्मीद करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जब आप विदेश जाते हैं और जानते हैं कि पूरा देश आपके खिलाफ है और मीडिया भी आपके खिलाफ है, तो आपको अपने सीनियर खिलाड़ियों को आगे आकर युवा खिलाड़ियों का बचाव करना होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि विराट, रोहित शर्मा और बुमराह इसी तरह से इस दौरे पर खेलेंगे। सीनियर खिलाड़ियों को आगे आकर टीम का नेतृत्व करना होगा।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज अपने काम के लिए आपके मन में कोई नया विचार आ सकता है। आप उस पर जल्द ही काम भी शुरू कर सकते हैं। लेकिन आज दिन खत्म होते-होते आपको ऐसा लग सकता है कि आपका कोई काम पूरा नहीं हो पाया है।

***वृष:*** आज खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे। आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम में आज आपको सफलता मिल सकती है।

***मिथुन:*** आज आपको किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। कोई आपकी ऑफिशियल जानकारी लीक कर सकता है। आपको ध्यान से अपना काम करने की जरूरत है।

***कर्क:*** आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके लिए बहुत-सी चीज़ें आज फायदेमंद हो सकती हैं। आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते है।

***सिंह:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी अधूरे काम में आज हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए आपको नया मौका मिल सकता है।

***कन्या:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोगों पर आपका प्रभाव पड़ेगा।

***तुला:*** आज आपका बढ़ा हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलायेगा। आपका दिन बेहतर रहेगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति स्ट्रांग रहेगी।

***वृश्चिक:*** आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना सकते हैं।

***धनु:*** आज कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्तो की मजबूती बरकरार रहेगी।

***मकर:*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

***कुंभ:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपको कारोबार में धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

***मीन:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है।

# कांतारा: चैप्टर 1 की रिलीज डेट आउट, 2 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी ऋषभ शेट्टी की फिल्म




ऋषभ शेट्टी की मोस्ट अवेटेड फिल्म कांतारा का प्रीक्वल कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज डेट सामने आ चुकी है. मेकर्स ने हाल ही में ये बड़ी अनाउंसमेंट की और फैंस को खुश कर दिया. इस फिल्म का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. साल 2022 में कम बजट में बनी फिल्म कांतारा ने 400 करोड़ रुपये का कारोबार करके बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था. ऋषभ शेट्टी की एक्टिंग से लेकर उनके डायरेक्शन, फिल्म की कहानी, कास्ट, सबकुछ कमाल का था. दर्शकों के साथ ही क्रिटीक्स ने भी फिल्म की सराहना की थी. कांतारा की कहानी ने पूरे इंडियन सिनेमा को हिलाकर रख दिया था. जिसके बाद मेकर्स ने इसके प्रीक्वल का अनाउंसमेंट किया और अब इसकी रिलीज डेट भी सामने अनाउंस कर दी गई है.

ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 दुनियाभर के सिनेमाघरों में साल 2025 में 2 अक्टूबर को रिलीज होगी. हाल ही में होम्बले फिल्म्स ने इसकी घोषणा करते हुए फैंस का दिल खुश कर दिया. फिल्म का धांसू पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने लिखा, अब वक्त आ चुका है, कांतारा वर्ल्डवाइड 2 अक्टूबर 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

## बॉक्स ऑफिस पर भूल भुलैया 3 की कमाई में भारी गिरावट



कार्तिक आर्यन और विद्या बालन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 18 दिन पूरे हो गए हैं और पहले दिन से ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा किया हुआ है।हालांकि, हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है।अब भूल भुलैया 3 की कमाई के 18वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, भूल भुलैया 3 ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को 1.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 233.05 करोड़ रुपये हो गया है।भूल भुलैया 3 में कार्तिक की जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। उनकी केमिस्ट्री को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं।माधुरी दीक्षित ने भी फिल्म में अपनी अदाकारी का तडक़ा लगाया है। उन्होंने विद्या की बहन का किरदार अदा किया है।

## प्यार और नफरत की कहानी ठुकरा के मेरा प्यार, वेब सीरीज का ट्रेलर हुआ रिलीज



अब तक कई वेब सीरीज आई हैं, जिनमें अलग-अलग किस्म की प्रेम कहानी दिखाई गईं। जल्द ही एक और प्रेम कहानी जिसमें नफरत भी शामिल है, दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस वेब सीरीज का प्रीमियर 22 नवंबर 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा।

ट्रेलर की शुरुआत में छोटे शहर की एक प्रेम कहानी की झलक मिलती है। जिसमें लडक़ी ही लडक़े को पसंद करती हुई नजर आती है और उससे अपने प्यार का इजहार करती है। लडक़ा सामान्य घर से है, तो वह लडक़ी के प्रेम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करता। लडक़ी उसका पीछा नहीं छोड़ती और बार-बार प्रेम स्वीकार करने को कहती है। अचानक इस प्रेम कहानी की खबर लडक़ी के घरवालों को लगती है, जो कि शहर के बड़े और ताकतवर लोग हैं। लडक़े को लडक़ी के परिवार वालों के सामने खड़ा किया जाता है, तो लडक़ी कोई भी रिश्ता होने से इंकार कर देती है और कहती है यही मेरे पीछे पड़ा था। लडक़ी का इंकार और धोखा लडक़े को तोड़ देता है। साथ ही लडक़ी के घरवाले उसके परिवार और उसे भी नुकसान पहुंचाते हैं।

ट्रेलर में कहानी कुछ साल आगे जाती है और लडक़ा एक ऑफिसर बनकर लौटता है। वह अब लडक़ी से प्यार में मिले धोखे का बदला लेना चाहता है। ऐसा करता भी है। ट्रेलर में लडक़े का एक संवाद है- मेरी खुशियों की राख पर उसने अपना कल बसाया है, अब वो भी देखेगी, उसका कल फिर लौट के आया है। साथ ही इस शो की एक टैगलाइन भी है, जितनी शिद्दत प्यार में थी, उतनी ही नफरत इंतकाम में होगी।

इस सीरियल में जो प्रेम कहानी दिखाई गई है उसके मुख्य किरदार संचिता बसु और धवल ठाकुर ने निभाए हैं। साथ ही कपिल कानपुरिया भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा भी कई सह कलाकार इस वेब सीरीज में नजर आएंगे।

## शब्द सामर्थ्य- 242

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 241 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू- 242

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.241 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |